हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रकाशित कक्षा छठीं से बारहवीं तक की पाठ्य–पुस्तकों की बिक्री का कार्य काफी समय से किया जा रहा है। इस वर्ष बोर्ड कार्यालय द्वारा कक्षा छठीं से आठवीं तक की पाठ्य–पुस्तकों पर दिया जाना वाला कमीशन 40 के स्थान पर 50 प्रतिशत तथा कक्षा नौवीं से बारहवीं तक की पाठ्य पुस्तकों पर 20 प्रतिशत के स्थान पर बढ़ाकर 35 प्रतिशत कर दिया गया है तथा निकट भविष्य में कक्षा छठीं से दसवीं तक की नव प्रकाशित इतिहास विषय की पाठ्य–पुस्तकों पर पूर्व की भांति 20 प्रतिशत कमीशन पर उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया गया है। ये पाठ्य–पुस्तकें बोर्ड द्वारा खोले गये क्षेत्रीय पाठ्य पुस्तक बिक्री सेवा केन्द्र, अम्बाला कैंट, भिवानी, फरीदाबाद, फतेहाबाद एवं रोहतक पर उपलब्ध हैं। ये पाठ्य–पुस्तकें बोर्ड कार्यालय द्वारा ऑन–लाईन पंजीकृत पुस्तक विक्रेताओं/बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त सभी विद्यालयों को उपरोक्त कमीशन के अनुसार उपलब्ध करवाई जायेंगी। इसके लिए अधीक्षक (समन्वय) के कमरा नम्बर–78, मोबाईल नंबर– 98969–37320 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं तथा सर्वाधिकार सचिव, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी के पास सुरक्षित होंगे।

सचिव